पाकिस्तान से काफी कम मात्रा में हुई चीनी आयात

[पीटीआई | नई दिल्ली]

केंद्र सरकार ने बुधवार को बताया कि भारत ने अप्रैल से अभी तक पाकिस्तान से सिर्फ 1,908 टन चीनी आयात किया है। इसके साथ ही सरकार ने विपक्ष के उन आरोपों को खारिज किया जिसमें कहा गया था कि पड़ोसी देश से भारी मात्रा में चीनी का आयात किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार ने यह भी कहा भारत डब्लूटीओ समझौते का एक हस्ताक्षरकर्ता देश है, इसलिए वह किसी खास देश से चीनी के आयात पर रोक नहीं लगाएगा।

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) के चीफ आलोक वर्धन चतुर्वेदी ने कहा, 'पाकिस्तान से आयात हो रहा है, लेकिन यह भारत के कुल प्रॉडक्शन और निर्यात को देखते हुए यह काफी कम मात्रा में है।' कॉमर्स मिनिस्ट्री के अंदर आने वाले डीडीएफटी के मुताबिक भारत ने इस वित्त वर्ष की 14 मई तक, पाकिस्तान से 6.57 लाख अमेरिकी डॉलर की कीमत में 1,908 टन चीनी आयात किया है। चतुर्वेदी ने आगे कहा, 'फिलहाल यह कहना कठिन है कि पाकिस्तान से आयात की गई चीनी ड्यूटी फ्री है या नहीं।' हालांकि उन्होंने आगे कहा कि इस पर चिंता करने की कोई बात नहीं है। पिछले वित्त वर्ष में, पाकिस्तान से 46.8 लाख अमेरिकी डॉलर की कीमत से 13,110 टन चीनी आयात किया गया था।

यह पूछने पर कि क्या घरेलू उत्पादन के ज्यादा होने की स्थिति को देखते हुए सरकार पाकिस्तान से आयात पर रोक लगाएगी, चतुर्वेदी ने कहा, 'अभी तक, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। डब्लूटीओ समझौते के मुताबिक हम किसी खास देश से आयात पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते।' कस्टम ड्यूटी बढ़ाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि डब्लूटीओ समझौते के मुताबिक चीनी पर इंपोर्ट ड्यूटी लगाने की अधिकतम सीमा 150 पर्सेंट हैं। चतुर्वेदी ने कहा, 'फिलहाल, चीनी पर कस्टम ड्यूटी 100 पर्सेंट है। इसे 100 पर्सेंट से ज्यादा बढ़ाने के लिए हमें इसे फाइनेंस एक्ट के तहत संसद से पास कराना होगा।' भारत दुनिया का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। 2017-18 के मार्केटिंग ईयर (अक्टूबर से सिंतबर) में भारत ने रिकॉर्ड 320 लाख टन उत्पादन किया था। इसके मुकाबले पिछले साल यह उत्पादन203 लाख टन था। देश में चीनी की सालाना मांग 250 लाख टन की है। डीजीएफटी ने बताया कि 2017-18 में देश ने 17.5 लाख टन चीनी का निर्यात किया था। इस वित्त वर्ष में भी अभी तक 2.4 लाख टन चीनी का निर्यात किया जा चुका है। महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा था कि पाक से चीनी आयात की वजह से घरेलू मार्केट में इसकी कीमतों में गिरावट आ रही है।

1,908 टन चीनी का आयात

- **भारत ने** इस वित्त वर्ष की 14 मई तक, पाकिस्तान से 6.57 लाख अमेरिकी डॉलर की कीमत में 1,908 टन चीनी आयात किया है
- **पिछले वित्त** वर्ष में, पाकिस्तान से 46.8 लाख अमेरिकी डॉलर की कीमत से 13,110 टन चीनी आयात किया गया था
- **भारत डब्लूटीओ** समझौते का एक हस्ताक्षरकर्ता देश है, इसलिए वह किसी खास देश से चीनी के आयात पर रोक नहीं लगा सकता

Economic times
17/5/18